हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

13 ग्राम सनौद में होगा प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी



17 जिले में जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ ...





## खबर संक्षेप

### स्कूलों में 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश

**बालोद**। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए छात्रें के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। अब अवकाश 1 मई के स्थ्ज्ञान पर 20 अप्रैल से आरंभ होगा। जारी आदेश में बताया गया है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आशिक संशोधन करते हुए 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई है। यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नही होगा तथा विभागीय समसंख्यक आदेश 22 सितंबर 2025 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी।

### ट्रक की ठोकर से युवक गंभीर, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। घर के बाहर खाट में सो रहे व्यक्ति को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति के बेटे ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोहारडीह निवासी बिसमाली दास बंजारे ने पुलिस को बताया कि सहपरिवार खाना खाकर घर में सोने चले गये तथा मेरे पिताजी पन्नालाल बंजारे घर के सामने आंगन में खाट लगाकर सोये थे, रात्रि धमतरी की ओर से आ रही ट्रक सीजी 08 डब्लू 3958 का चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुये रोड से नीचे आकर मेरे पिताजी पन्ना लाल बंजारे को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर चोट पहुंचाया है, आवाज आने से मैं तथा मेरी मां पूर्णिमा बंजारे तथा बड़ा भाई प्रमोद बंजारे घर के से बाहर आकर देखे तो एक्सीडेंट से मेरे पिताजी के नाक, मस्तक, में चोट आया है। मैं अपने परिवार के साथ ईलाज हेतु अस्पताल गुरूर में लाये थे जहां डाक्टर साहब के द्वारा रिफर करने पर धमतरी में भर्ती कराकर ईलाज करा रहे है।

### चिढ़ाने से मना करने पर युवक से मारपीट

**बालोद**। चिढ़ाने से मना करने पर युवक ने मना करने वाले युवक के साथ मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 22 निवासी संतोष साहू ने पुलिस को बताया कि वार्ड क्रमांक 24 निवासी दुर्गेश ठाकुर मुझे हमेशा मेरे पिता निहाली तेली के नाम से चिढाता है। मैं रायपुर से आकर अपने घर जा रहा था, दुर्गेश ठाकुर के घर के ▶▶ शेष पेज 13

# 1 मई से शुरू होगा सुशासन तिहार 2026, गांव-गांव में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया गया है।

राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 01 मई से 10 जून की अवधि में ग्रामीण क्षेत्रें में जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें के प्रत्येक 15–20 ग्राम पंचायतों में एक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह नगरीय क्षेत्रें में वार्डों एवं क्लस्टरों के आधार पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा इन शिविरों में शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## समयबद्ध शिकायत निराकरण और योजनाओं का लाभ दिलाने राज्य शासन ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश




### मुख्यमंत्री और सांसद होंगे शामिल

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों के अलावा अभियान के दौरान मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायकगणों के अलावा मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान उनके द्वारा विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के औचक निरीक्षण के पश्चात दोपहर बाद जिला मुख्यालयों में अधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिसमें समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति और विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में आगामी कार्य योजना पर भी चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा समीक्षा बैठक में शामिल होने के उपरांत प्रेस वार्ता भी ली जाएगी। इस दौरान वे विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। जिससे कि इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए आम जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**मांग**

**पहले दिन सैकड़ों श्रमिकों ने दिया धरना, 22 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी**

# टाउनशिप की बदहाली पर सीटू ने प्रबंधन के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





टाउनशिप की अव्यवस्थाओं और श्रमिक हितों में लगातार हो रही कटौती के विरोध में सीटू यूनियन ने नगर प्रशासन कार्यालय के सामने तीन दिवसीय चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करते हुए पहले दिन जोरदार धरना प्रदर्शन किया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस प्रदर्शन में आईओसी राजहरा के नियमित, ठेका श्रमिकों के साथ-साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भी बड़ी भागीदारी देखने को मिली। सैकड़ों की संख्या में जुटे कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टाउनशिप की बदहाल स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

धरने में शामिल श्रमिकों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन 22 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिसमें टाउनशिप की मूलभूत सुविधाओं की बहाली, आवासों की मरम्मत, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और पारदर्शी आवंटन नीति प्रमुख मुद्दे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से इन समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। यूनियन के संगठन सचिव प्रकाश क्षत्रिय ने कहा कि 16 जनवरी को ही प्रबंधन को विस्तृत मांगपत्र सौंपा गया था, लेकिन तीन महीने बीतने के बावजूद न तो कोई पहल हुई और न ही कोई बैठक आयोजित की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रबंधन टाउनशिप की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जर्जर आवास, खाली पड़े मकानों में अवैध कब्जे और असुरक्षा का माहौल अब आम हो चुका है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों में भय का वातावरण बन गया है।

यूनियन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि रिटेंशन स्कीम बंद होने के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पलायन तेजी से बढ़ा है, जिससे टाउनशिप की स्थिति और खराब हो रही है। उन्होंने मांग रखी कि खाली पड़े आवासों को सेवानिवृत्त और ठेका कर्मचारियों को थर्ड पार्टी आधार पर आवंटित किया जाए, ताकि आवास सुरक्षित रहें और क्षेत्र की सामाजिक संरचना भी बनी रहे। साथ ही "सब्जेक्ट टू वेकेशन" व्यवस्था को पुनः लागू करने की भी आवश्यकता बताई गई।

यूनियन सचिव पुरुषोत्तम सिमैंया ने टाउनशिप में बढ़ते अवैध कब्जों और खाली जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि प्रबंधन की निष्क्रियता से यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि आवास आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और स्पष्ट सीनियरिटी सूची का अभाव भ्रष्टाचार की आशंका को जन्म दे रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। धरने के दौरान श्रमिक नेताओं ने यह भी कहा कि टाउनशिप में मेंटेनेंस कार्य पूरी तरह ठप है, छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कर्मचारियों को महीनों तक भटकना पड़ता है। बेकलेन क्लीनिंग और सफाई व्यवस्था वर्षों से बंद पड़ी है, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। यूनियन ने पुराने पीएचडी विभाग को पुनः बहाल करने की मांग उठाई।

धरना स्थल पर यूनियन प्रतिनिधिमंडल और नगर प्रशासन के बीच विस्तृत चर्चा भी हुई। यूनियन ने प्रशासन से स्पष्ट कहा कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए, जबकि उच्च प्रबंधन से जुड़े मामलों को शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाए। सुरक्षा गार्ड ठेका प्रक्रिया में देरी को लेकर भी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया। नगर ▶▶ शेष पेज 13 पर

# ग्राम भोईनापार में दो खड़े ट्रकों पर लगाई आग, लाखों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

जिले के बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोईनापार में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खड़ी दो ट्रकों में आग लगा दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे के बाद की बताई जा रही है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सतनामी पार बाजार चौक में खड़ी दो ट्रकों को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते दोनों ट्रकों में आग तेजी से फैलने लगी। आसपास के लोगों ने आग की लपटें देख तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा आसपास खड़े वाहनों और दुकानों तक आग फैलने की आशंका बनी हुई थी।

इस घटना में दोनों ट्रकों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगाने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र के वाहन मालिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# रजिस्ट्री में महिलाओं को 50% छूट देने के फैसले का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी




प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के नाम पर संपत्ति रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत छूट देने के फैसले का डोंडी क्षेत्र के भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने जमकर स्वागत किया है। भाजपा नेताओं ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रदेश सरकार का आभार जताया है।

भाजपा पदाधिकारी दिनेश अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाला है। इससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा और वे संपत्ति की मालिक बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने बयान जारी कर कहा कि सरकार का यह निर्णय मातृशक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत करेगा। अब बेटियां और माताएं अपने नाम से जमीन-जायदाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ▶▶ शेष पेज 13 पर

### पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। पुरानी रंजीश के चलते तीन से अधिक लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 18 दंतेश्वरी वार्ड निवासी दिलप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि रात्रि मुझे हर्ष के बुलाने पर मैं गार्डन के पीछे साईड गया तो वहां वत्सल रावटे, जयदीप, हर्ष और उनके अन्य साथी आये और मुझे पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं बेस बाल बेट से मारपीट किये हैं और मेरे पगडी खींच कर बाल पकडकर हाथ मुक्का से मारपीट किये है, जिससे मुझे मस्तक, बाये पैर के घुटना, आंख के नीचे, नाक, दांत, सोल्डर, पीठ मे एवं अन्य जगहों मे चोंट आया है।




**20 लाख के डोम शेड का भूमिपूजन**

# खलारी पंचायत में नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा



डौंडी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खलारी में नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खलारी में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले डोम शेड का भूमिपूजन भी अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया।

■ जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति ग्राम के लिए गौरव का दिन–सरपंच

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संजय बैंस ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हितेश साहू, ग्राम सरपंच दुग्गा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उर्वशा मंडल के महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना से की गई, जिसके बाद मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने फीता काटकर नवीन सेवा सहकारी समिति का शुभारंभ किया। समिति की शुरुआत होने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया, क्योंकि अब किसानों को खाद, बीज एवं धान खरीदी जैसी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। ग्राम सरपंच दुग्गा ने स्वागत भाषण में कहा कि आज का दिन ग्राम खलारी के लिए गौरव का क्षण है। पूर्वजों का सपना था कि गांव में ही धान खरीदी केंद्र और किसानों को खाद-बीज की सुविधा मिले। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के प्रयासों से यह सपना आज साकार हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री और देवलाल ठाकुर का आभार व्यक्त किया। किसानों की मांग हुई पूरी – सोमेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश साहू ने कहा कि खलारी सहित आसपास के ग्रामीण लंबे समय से किसानों की सुविधा के लिए सेवा सहकारी समिति की मांग कर रहे थे। सुशासन तिहार के दौरान देवलाल ठाकुर ने गांव में धान खरीदी केंद्र खोलने का वादा किया था, जो आज पूरा हुआ है। उन्होंने सहकारिता के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। भाजपा नेता संजय बैंस ने कहा कि किसानों की लगातार कोशिश और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से यह कार्य संभव हुआ है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे प्रदेश में 513 नवीन सेवा सहकारी समितियों का शुभारंभ किया है, जिसमें डौंडी ब्लॉक में आठ नई समितियां शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष हितेश साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अमन दुग्गा ने किया। इस अवसर पर डॉ. लीलाधर साहू, बूथ अध्यक्ष मदन निषाद, मोती यादव, सम्हन नेताम, मंजू चक्रधारी, ग्राम पटेल अनिल निषाद, सरपंच अड़जाल गीता भंडारी, पलटू भूआर्य, समिति प्रबंधक गोविंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बाफना ने किया ताम्रकार का सम्मान

**धमधा।** पूर्व संसदीय सचिव एवं साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना का धमधा आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप ताम्रकार का गमछा पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि प्रदीप ताम्रकार 1980 में भारतीय जनता युवा मोर्चा धमधा मंडल के प्रथम अध्यक्ष बने थे। लाभचंद बाफना ने उनका सम्मान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल बने हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू, पत्रकार सुधीर ताम्रकार, दूलेश्वर साहू, रुपम ताम्रकार, शेर सिंह सोनकर और नरेश सोनकर के साथ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती



**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे व पंचगण डा चेलक,गोलू चन्द्राकर, गोपाल साहू,तेज चौहान, भाजपा कार्यकर्ता महिला विजय लक्ष्मी कनौजे सहित जनप्रतिनिधि युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने 'सरपंच संवाद' में की चर्चा

# अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे सरपंच, विकास में देरी का मुद्दा भी उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामुल

संवाद से समाधान तक "सरपंच संवाद 2026" का आयोजन जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में गुरुवार को दुर्ग विकास खण्ड के बासीन जामुल में किया गया। जिसमें श्रीमती बंजारे के निर्वाचन क्षेत्र जिला पंचायत क्रमांक 4 की अंतर्गत आने वाले 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच शामिल हुए।

बैठक में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र-क्रमांक -4 के ग्राम पंचायत के सरपंचगण एक मंच पर आकर अपने विचार, अनुभव एवं सुझाव साझा किए एवं अपने क्षेत्र की जनसमस्यों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे के समक्ष रखी। सरपंचों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत में आने वाली समस्याओं खास तौर पर अवैध शराब विक्रय को लेकर मुखर रहे। इनके साथ ग्राम में हो रहे अवैध अतिक्रमण, मनरेगा कार्य में लगे

**जिला पंचायत अध्यक्ष से साझा की क्षेत्र के विकास की बात**



मजदूरों के पेमेंट में लेट लतीफी, पेयजल की समस्या, निकासी नाली आदि समस्याओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत के सचिवों पर सरपंचों का सहयोग न करने की बात सामने आई तथा कई सरपंचों ने धमधा जनपद सीईओ से सचिवों का शिकायत करने पर सरपंचों का सहयोग नहीं करने की बात सामने आई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बंजारे ने सभी सरपंचों की बात को गंभीरता से सुना वह आश्वासन दिया कि प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर विभागीय अधिकारियों से मिलकर व चर्चा कर किया जाएगा। ग्राम पंचायत नरधा के सरपंच रानू वर्मा ने बाबा रूखड़नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर श्रीमती बंजारे ने जानकारी दी की संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल से चर्चा हुई है व मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इसे शीघ्र ही छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन स्थल बनायेगे. ताकि मंदिर को हनुमान भक्तों के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो।

सरपंच संवाद 2026 संवाद से समाधान कार्यक्रम के बैठक में प्रमुख रूप से नारधा सरपंच रानू वर्मा, कपसदा सरपंच भूपेंद्र कंवर, ओंटेबंद सरपंच निर्मला बुधराम साहू, गोढी सरपंच अन्नपूर्णा गोपी साहू , अछोटी सरपंच हीरालाल मारकंडे ,मोंहदी सरपंच सच्चिदानंद बब्बन शर्मा , बोरसी सरपंच साधना साहू , कंडरका सरपंच सीमा चुरेन्द्र, पचदेवरी सरपंच हेमंत कुमार रोशन और मालपुरी सरपंच नमिता शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 6 माह के बाद बच्चों को पौष्टिक पूरक आहार देना बेहद जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नगर पंचायत पाटन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 (अखरा) के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं को स्तनपान के साथ-साथ पूरक (ऊपरी) आहार प्रारंभ करने के प्रति जागरूक करना है।

■ वार्ड क्रमांक 04, केंद्र क्रमांक 02 में अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत पाटन की सभापति एवं वार्ड क्रमांक 04 की पार्षद नेहा बाबा वर्मा के करकमलों शिशुओं को खीर खिलाकर प्रथम अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती वर्मा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा, "बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 6 माह के बाद पौष्टिक पूरक आहार अत्यंत आवश्यक है। माताएं अपने बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार दें और उनके स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहें।"

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता कश्यप एवं सहायिका पूर्णिमा सिन्हा द्वारा भी पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित पालकों—सती साहू, त्रिवेणी विश्वकर्मा, तनुजा, रमशीला कौशिक, नीतू, पल्लवी वर्मा एवं सुनीता कौशिक ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था, स्टाफ की कमी और अटकी पदोन्नति से कर्मचारियों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में जो मुद्दे सामने आए, उन्होंने कॉलेज की जमीनी हकीकत उजागर कर दी। स्टाफ की भारी कमी, वर्षों से लंबित पदोन्नति और बदहाल सड़क जैसी समस्याओं ने कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

■ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने का कर्मचारियों ने लगाया आरोप

बैठक में कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा कि मेडिकल कॉलेज में मैनपावर की स्थिति बेहद खराब है। जरूरी पद खाली पड़े हैं, जिससे काम का दबाव बढ़ता जा रहा है और सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालात ऐसे हैं कि कई विभाग सीमित स्टाफ के सहारे चल रहे हैं। पदोन्नति का मुद्दा भी लंबे समय से अटका हुआ है।

कर्मचारियों में इस बात को लेकर गहरा असंतोष है कि समय पर विभागीय पदोन्नति नहीं हो रही। इससे न सिर्फ मनोबल गिर रहा है, बल्कि कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति कॉलेज तक पहुंचने वाली सड़क की बताई गई। कर्मचारियों ने कहा कि सड़क इतनी खराब है कि बारिश के मौसम में आवागमन लगभग ठप हो जाता है। कच्ची और जर्जर सड़क पर हर मौसम में चलना मुश्किल है, जिससे मरीजों, छात्रों और स्टाफ को रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है।

### बनाते हैं आवश्यक दबाव

बैठक में यह भी आरोप लगे कि कुछ वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और अनावश्यक दबाव बनाते हैं। इससे कार्यस्थल का माहौल प्रभावित हो रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने डीन डॉ. तृप्ति नागरिया को ज्ञापन सौंपा। हालांकि डीन ने मैनपावर की कमी स्वीकार करते हुए कुछ पदों पर भर्ती और आउटसोर्सिंग की बात कही, लेकिन कर्मचारियों का मानना है कि अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री सैय्यद असलम, नर्सिंग कैडर की प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती जैकलीन डान, जिला संयोजक श्रीमती मंजू राय, सुपेला अध्यक्ष सरिता गुप्ता, जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत धोटे, जिला सचिव खिलावन चंद्राकर, जिला अस्पताल दुर्ग अध्यक्ष राघवेंद्र साहू, संगठन सचिव रोशन सिंह, धनीराम ठाकुर, मुकेश शर्मा, योगेश ठाकुर, बालकृष्ण तिवारी, संध्या एस भेलवा, नेहा चंद्राकर, डेमन डोडे, संतोष, चैन सिंह चंद्राकर और सुरेश सहित कई कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर, फुले व ढीढी को याद किया ग्रामीणों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



सतनामी आसरा पाटन एवं ग्रामवासी फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में 15 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले व नकुल देव ढीढ़ी जयंती एवं सम्मान समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता विनोद कोसले ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सभी भारतीयों के हितचिंतक थे। उन्होंने कहा कि देश के सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए आरक्षण समाजवाद समता सम्मान व न्याय जरूरी है।

■ फुण्डा में सम्मानित हुए पाटन तहसील क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थी और उनके पालक

अध्यक्षता करते हुए डॉ भूपेन्द्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने अपील की कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरित होकर अपने बच्चों को शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करते हुए समाज में बंधुत्व के साथ राष्ट्र के विकास में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु प्रथम जेल सत्याग्रही व गुरू घासीदास जयंती के जन्मदाता संत नकुल देव ढीढ़ी के योगदान को भी अतिथि वक्ताओं ने स-सम्मान याद किया गया। इस दौरान शिक्षा के माध्यम से अधिकारी व नवोदय विद्यालय बोरई में चयनित होने वाले बच्चों व उनके पालकों को भी पाटन विकासखण्ड को गौरवान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान संविधान विशेषज्ञ विनोद कुमार कोसले ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर महापुरुषों के विचारों, संविधान के प्रावधान, सुप्रीम कोर्ट - हाई कोर्ट के जजमेंट,कार्य पालिका की भूमिका व जमीनी स्तर पर हकीकत से रूबरू कराते हुए तथ्यों के आधार पर शोध पुस्तिका न्याय का इंतजार का वितरण किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य पाटन, उषा सोने जिला पंचायत सदस्य धमधा, आनंद बघेल जनपद सदस्य और कुलेश्वर रोशन वर्मा सरपंच थे। इस दौरान अमोलदास टंडन, पूर्व अनुसूचित जाति प्राधिकरण सदस्य दिनेश टंडन,सांवत राम बांधे,ओम टंडन, राजेन्द्र मारकण्डे, सीताराम आदि उपस्थित थे।

### मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती वार्ड-2 विश्वकर्मा चौक में मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से भिलाई जिला एस सी मोर्चा प्रभारी प्रवक्ता चंद्रप्रकाश मांडले, रायपुर संभाग किसान मोर्चा के प्रभारी रेखराम बंछोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, जिला भिलाई सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश साहू ध्रुव देवांगन,वार्ड नंबर 5 पार्षद दीपक गुप्ता, मंडल मंत्री अनुपमा देवी, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, मीडिया प्रभारी संजय यादव, एस सी मोर्चा अध्यक्ष बी आर रामटेके, महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता साहू, सह कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश साहू, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, एस टी मोर्चा दउवा राम ठाकुर, पूर्व पार्षद संतोष ठाकुर, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ देवनाथ यादव, सरस बर्मन, बजरंग सिन्हा, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, रामकृष्ण साहू, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत विश्वाल, मंगल दास कुर्रे, खिलावन साहू, राम निर्मलकर, सैफुद्दीन, बिंदिया पटेल, हेमलता साहू आदि उपस्थित थे।

### निधन

### डॉ. नारायण स्वामी मिश्रा

**दुर्ग।** वरिष्ठ पशु चिकित्सक दुर्ग निवासी डॉ. नारायण स्वामी मिश्रा



93 वर्ष का निधन 14 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को वाराणसी (बनारस) में किया गया। वे शशि दुबे सेवानिवृत्त प्राचार्य दुर्ग, विजय मिश्रा सेवानिवृत्त प्रबंधक, छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग, रायपुर तथा इंदू मिश्रा म.बा.वि.वि. दुर्ग के पिता और डॉ. ईशान दुबे और डॉ. शुभम दुबे के नाना थे।

## सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड विचक्षण जैन विद्यापीठ का उत्कृष्ट परिणाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

कुम्हारी स्थित विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण को दर्शाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांश चोपड़ा (94.0 प्रतिशत), अक्षत जैन (93.2 प्रतिशत), नमन जैन (93.0 प्रतिशत), सुहानी चोपड़ा (89.4 प्रतिशत), मौलिक भंसाली (88.4 प्रतिशत), प्रक्षल जैन (86.8 प्रतिशत), दिव्यांश झा (86.4 प्रतिशत), विधि जैन (85.8 प्रतिशत), जैनम बाफना (84.8 प्रतिशत) एवं सौम्या जैन (83.8 प्रतिशत) शामिल हैं।

इन उपलब्धियों के अलावा जो सबसे महत्वपूर्ण है वह है कि विद्यार्थी दिव्यांश चोपड़ा ने संस्कृत एवं प्रक्षल जैन ने गणित में 100 से पूरे 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

## मासूम से दुष्कर्म के विरोध में समाज उतरा सड़क पर, निकाली मशाल रैली



**उतई।** दुर्ग जिले के उतई नगर में 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार के मामले को लेकर जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में नगर साहू समाज एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने एकजुट होकर कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए मिशाल रैली निकाली। गुरुवार शाम 6 बजे बंजारी मंदिर में सभी समाज के लोग एकत्रित हुए, जहां से थाना उतई तक मशाल रैली निकाली गई । इसके बाद मिनी माता चौक पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें आरोपी को फांसी या कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू,पार्षद सोनू राजपूत, डिकेंड हिरवानी, सतीश, क्रांति सेना अध्यक्ष ऋषि साहू और बीजेपी मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत आदि शामिल थे।

## दीपशिखा विद्यालय में हुआ विद्यारंभ संस्कार



**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में विद्या आरम्भ संस्कार का कार्यक्रम महिला युवा मंडल रचनात्मक प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उतई द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के जी वन के जी टू क्लास 1, 2 से 140 बच्चों का विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ संस्कार पूर्ण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार प्रदर्शन किए। कार्यक्रम का संचालन जोहन साहू युवराज साहू, गोदावरी साहू, सरस्वती साहू, दानेश्वरी देशमुख, अरुणा साहू, चंद्रिका साहू, प्रभा साहू ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक शरणजीत कौर, उपप्रधान पाठक एस आर सेन एवं संबंधित शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किए।

## सरपंच संघ अध्यक्ष ने भाजपा सरकार का जताया आभार

# धौराभाठा में नई सोसायटी का हुआ वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में नवीन सोसायटी के गठन पर सरपंच संघ अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने भाजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

15 अप्रैल को भगवान बलराम एवं छत्तीसगढ़ महतारी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समिति का विधिवत शुभारंभ किया गया। श्री चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर इस नई समिति का गठन किया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही खाद-बीज



वितरण एवं धान खरीदी के समय भी किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल के प्रति आभार प्रकट किया है।

### पेंड्री में भी शुभारंभ

**धमधा।** कृषकों की सुविधा एवं आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए नवगठित सेवा सहकारी समिति मर्यादित पेंड्री का वर्चुअल उद्घाटन वीडियो



कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित सिंह राजपूत (जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा), संतोष निर्मलकर (प्राधिकृत, रहटादाह), जे. के. साहू (शाखा प्रबंधक, जेएसकेबी धमधा) तथा संजय दिल्लीवार (सुपरवाइजर, जेएसकेबी धमधा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही क्षेत्र के वरिष्ठ कृषकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर समिति के गठन का स्वागत किया।

# विधायक देवेंद्र पर एमएमएस मामले की जांच में सहयोग न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साल 2023 में वायरल हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से जुड़े कथित एमएमएस की जांच दुर्ग पुलिस हैदराबाद या गुजरात लैब से कराएगी। इसके लिए पुलिस ने विधायक देवेंद्र यादव का वीडियो शूट कर जांच के लिए लगने वाली मिलान सामग्री को जल्द वहां भेजेगी। भिलाई नगर पुलिस का कहना है कि उन्होंने विधायक को 7 से अधिक नोटिस थाने आने के लिए दिया था। इसमें कई नोटिस का जवाब उन्होंने नहीं दिया, उसके बाद नोटिस को स्वीकार किया और थाने आकर अपना पक्ष रखा।

देवेंद्र यादव के इस मामले को लेकर भाजपा नेता राजेंद्र अरोरा ने आरोप लगाया है कि एमएमएस की जांच को लेकर देवेंद्र यादव सहयोग नहीं कर रहे हैं और इस पूरे मामले में सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा अगर विधायक को जांच एजेंसियों पर भरोसा होता, तो वे समय पर पुलिस के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज क्यों नहीं करा रहे हैं। देवेंद्र यादव ने भिलाई नगर थाने में जाने के दौरान मीडिया में कहा था कि पुलिस ने उन्हें समय पर नोटिस नहीं भेजा, इसलिए वो थाने नहीं पहुंचे। इसको लेकर भाजपा नेता का कहना है कि पुलिस ने उन्हें 8 बार नोटिस भेजा है। 9वीं नोटिस में वो अपना पक्ष रखने पहुंचे इससे साफ होता है कि वो जांच में मदद नहीं कर रहे हैं। इस पर विधायक देवेंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें जांच एजेंसी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा नेता राजेश मूणत से जुड़े कथित एमएमएस की जांच सीबीआई से कराई गई थी तो उनसे जुड़े वीडियो की भी जांच सीबीआई से भाजपा क्यों नहीं करा रही है।



### क्या है पूरा मामला

विधानसभा चुनाव के दौरान 2023 में एक एमएमएस वीडियो वायरल हुआ था। उसमें भाजपा नेताओं के द्वारा आरोप लगाया गया था कि वीडियो में महिला के साथ दिख रहा युवक विधायक देवेंद्र यादव है। इसके बाद अगस्त 2024 में विधायक के प्रतिनिधि ने भिलाई नगर थाने में मामले को लेकर एक एफआईआर दर्ज कराई और जांच की मांग की थी। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया के सामने बयान दिया था कि वीडियो में दिख रहा युवक उनके जैसा दिख रहा होगा, लेकिन वो उसमें नहीं है। उनको चुनाव हराने के लिए साजिश रची जा रही है।

### जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं हुई पूरी

विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया में एक जांच रिपोर्ट दिखाई थी कि फोरेंसिक लैब की जांच में यह पाया गया है कि वीडियो में दिख रहा युवक वो नहीं हैं। इसके आरोप में भाजपा नेता का कहना है कि अभी जांच पूरी नहीं हुई है। वीडियो साक्ष्य मिलान के लिए लैब भेजे जाएंगे उसके बाद फाइनल रिपोर्ट में यह पता चलेगा कि एमएमएस में दिख रहा युवक कौन है।





## जिले में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम, महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली और पदयात्रा

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में विशाल एवं भव्य नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं ने स्कूटी रैली एवं पद यात्रा निकालकर आम जनता को केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनके सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### ढालेन्द्र ने 10वीं बोर्ड में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**डौंडीलोहारा।** जेएलएम गायत्री विद्या पीठ, राजनांदगांव के सीबीएससी 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ग्राम कसही (ट) के छात्र ढालेन्द्र कुमार साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक हासिल कर संस्था में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। डालेन्द्र कुमार साहू, माता पुष्पलता साहू एवं पिता नारद साहू के सुपुत्र हैं। वे जिला बालोद किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी के भतीजे हैं। डालेन्द्र ने विषयवार उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, जिसमें अंग्रेजी में 90, हिन्दी में 91, गणित में 93, सोशल साइंस में 99 तथा आईटी में 97 अंक शामिल हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन से परिवार, विद्यालय और पूरे ग्राम कसही सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्राम कसही (ट) एवं अंचल के सभी ग्रामीणों ने डालेन्द्र की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने भी उनके प्रयास, मेहनत और लगन की सराहना करते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।



### म्यूल खातों में करोड़ों का लेनदेन, 11 गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खातों से करोड़ो रुपए का लेन देन को लेकर पुलिस ने 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। समन्वय पोर्टल के माध्यम से मिली जानकारी के बाद थाना मोहन नगर, सुपेला क्षेत्र के अंतर्गत बैंक शाखाओं में संचालित म्यूल खातों की जांच की गई। पाया गया कि स्टेशन रोड, दुर्ग स्थित कर्नाटका बैंक के 111 खातों, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला फेडरल बैंक के 105 खातों समेत 250 से अधिक संदिग्ध बैंक खातों की जांच की गई। जिसमें 1.88 करोड़ 67 हजार 554 रुपये की सायबर ठगी राशि का लेनदेन खातों में मिला। उक्त खाताधारकों को पुलिस ने पकड़ा जिसमें आर्य नगर कोहका भिलाई निवासी शिवधर साहू, आरती मारकण्डे, गोविंदा डहरिया, शंकर नगर दुर्ग साहिल टेम्बेकर, वार्ड 24 दुर्ग धर्मेन्द्र सिंह, खुर्सीपार एस त्रिमोला, प्रिया सिंह, रसमड़ा दुर्ग प्रदीप कुमार उइके, कैम्प-2 भोजराज प्रजापति, सुपेला हेमंत कुमार साहू, सन्नी चौहान को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक संबंधित बैंक खातों का दस्तावेज जब्त किया गया।

### इंस्टाग्राम में दोस्ती का झांसा देकर युवती से किया अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** युवती से सोशल मीडिया में दोस्ती कर उसके साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि भानुप्रतापपुर क्षेत्र की युवती की पहचान 2005 में इंस्टाग्राम से सिकोला भाटा दुर्ग निवासी सौरभ राजपूत से पहचान हुई। दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होने लगी। युवक ने युवती को शादी का भरोसा दिलाया और मिलने के लिए दुर्ग बुलाया था। 5 मार्च 2026 को युवती मिलने दुर्ग पहुंची। सौरभ उसे अपने बड़े भाई के घर सिकोला भाटा लेकर गया। जहां रात के समय उसने शादी का झांसा देकर अनाचार किया।

**समक्षः श्री अनुविभागीय दण्डाधिकारी, डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)**
खुशबू देवांगन पिता पति खेमचंद, जाति-कोष्टा उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम आतरगांव पो. खेरथाबाजार तहसील मारी बंगला देवरी, जिला-बालोद (छ.ग.)
आ.नं.- 7507-0226-5909 .............शपथकर्ती

// शपथपत्र //

मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

(1) यह कि, मुझ शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि, मुझ शपथकर्ती के समस्त दस्तावेजों सही व वास्तविक नाम खुशबू (KHUSHBOO) दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है।
(3) यह कि, मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड में कुशबू देवांगन (KUSHBOO DEVANGAN) भुलवश / त्रुटिवश दर्ज किया गया है।
(4) यह कि शपथकर्ती के समस्त शासकीय व अर्धशासकीय दस्तावेजो में खुशबू (KHUSHBOO) दर्ज है, अतः इसी नाम से लिखा-पढ़ा जावे।
(5) यह कि, मुझ शपथकर्ती का नाम कुशबू देवांगन (KUSHBOO DEVANGAN) के स्थान पर खुशबू (KHUSHBOO) परिवर्तन कराना चाहती हूं अतः शासकीय, अर्द्धशासकीय समस्त दस्तावेजों में लिखा, पढ़ा जावे तथा जाना, पहचाना जावे। जिसके लिये गजट प्रकाशन करवाना चाहती हूं जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
(6) यह कि इस शपथपत्र में दी गई जानकारी सत्य वो सही है कि बाद गलत जानकारी पाये जाने पर पूरी जवाबदारी मुझ पर होगी।

शपथकर्ती

सत्यापन :
मैं शपथकर्ती खुशबू तसदीक करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 6 तक के कथन मेरे अधिकतम ज्ञान / विश्वास से सत्य एवं सहीं है। अतः आज दिनांक 16/04/2026 को स्थान डौण्डीलोहारा मे पढ़कर, पढ़ाकर समझकर अपना हस्ताक्षर / अंगुठा कर सत्यापित करती हूं।
सत्यापनकर्ती
खुशबू

जयंती

# ग्राम सनौद में होगा प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव

**30 हजार से अधिक समाजजनों के शामिल होने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम सनौद गुरूर मे प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। जिला साहू संघ बालोद की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद गुरुवार को तहसील साहू सदन गुरुर मे बैठक आयोजित की गई।

संजारी बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम साहू, प्रदेश साहू संघ रायपुर के पूर्व महामंत्री हलधर साहू, प्रदेश साहू संघ रायपुर के कोषाध्यक्ष गोपाल साहू, साहू संघ बालोद जिलाध्यक्ष महेंद्र साहू, पूरण साहू तहसील साहू संघ गुरुर अध्यक्ष मिथलेश साहू, सचिव खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, ललिता साहू, कोषाध्यक्ष कुबेर साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामेश्वरी साहू, सह सचिव सूरज गोपाल गंगबेर, संयुक्त सचिव घनाराम जेठमल गंगबेर की उपस्थिति में प्रारम्भिक बैठक संपन्न हुई। जिला साहू संघ के अध्यक्ष महेंद्र साहू एवं तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि यह पल हम सभी के लिए गौरवशाली है, ऐसे में इस महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए हम सभी को अभी से तैयारियों में जुट जाना है। प्रारंभिक बैठक के बाद अब गुरुर तहसील के 12 परिक्षेत्र के अलावा ग्रामीण साहू समाज द्वारा भी अपने स्तर पर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में चर्चा किया गया कि आगामी माह संभावित तिथि 9 मई से 12 मई के मध्य यह कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित प्रदेश स्तर के मंत्री, सामाजिक पदाधिकारी सहित अन्य अतिथि मंचाचीन होंगे।



प्रदेश साहू संघ द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 30 हजार से अधिक सामाजिक बंधु शामिल होंगे, ऐसे मे मुख्य मंच, भोजन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत जैसे अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक समाप्ति के बाद रायपुर शहर जिलाध्यक्ष रहे मेघराज साहू तथा ग्राम खोरदो निवासी घनाराम साहू के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत बालोद सभापति चंद्रिका गंजीर, जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार साहू, न्याय प्रकोष्ठ सह संयोजक धनसाय साहू, लीला राम सोनबेर, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक जगत साहू, हरीश साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक संजय साहू, जिला प्रतिनिधि अशोक साहू, तहसील अध्यक्ष प्रेम साहू, उपाध्यक्ष जयंत साहू, सचिव रघुनंदन गंगबोईर, संगठन सचिव छगन साहू, तहसील साहू संघ अर्जुन्दा के अध्यक्ष उमाशंकर साहू, युवा प्रकोष्ठ से पंकज चौधरी उपस्थित थे।


## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर को भक्त ने भेंट किया चांदी का मुकुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ चोरी हुए जेवरात नहीं मिलने पर ज्वेलर्स ने श्रद्धा स्वरूप किया

जिले के ग्राम कमरौद स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान जी के मंदिर में हुई चोरी हुए जेवरात नही मिलने से एक हनुमान भक्त ने मुकुट भेंट किया है। जिले की इस प्रसिद्ध मंदिर में जहां सैकड़ो श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचते है वहां दो बार चोरी हो चुकी है जिसमें 19 जनवरी 2026 को हुई चोरी में अज्ञात चोर मंदिर से चांदी के जेवर, मुकुट और अन्य आभूषण चोरी कर ले गए थे। इससे पहले भी यहां चोरी की घटना हो चुकी है, दो बार चोरी होने के बावजूद अब तक पुलिस किसी भी आरोपी को पकड नहीं पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार 19 जनवरी 2026 को हुई चोरी में चोरी हुए कुछ आभूषण मंदिर से कुछ दूरी पर पैरावट में मिले थे, लेकिन मुख्य चांदी का मुकुट और अन्य कीमती सामान अब तक बरामद नहीं हो पाए हैं। वहीं चोरों का भी कोई सुराग नहीं लग सका है, जो गंभीर सवाल खड़े कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा चोरी के मुकुट को ना खोज पाने तथा भगवान हनुमान जी की प्रतिमा चोरी के बाद बिना मुकुट के देखते हुए गुण्डरदेही के एक ज्वेलर्स द्वारा भगवान हनुमान के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए नया चांदी का मुकुट दान किया गया। दान किए गए चांदी के मुकुट को विधि–विधान और मंत्रेच्चारण के साथ हनुमान जी के मस्तक पर स्थापित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# पीएम आवास योजना को लेकर सघन संपर्क अभियान, 17 अप्रैल से गुण्डरदेही में होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ निर्माणाधीन व अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने जिला प्रशासन की पहल

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले के समस्त निर्माणाधीन, अप्रारंभ रूके हुए आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ एवं पूर्ण कराए जाने हेतु एक सघन संपर्क अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि सघन संपर्क अभियान अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड में 17 अप्रैल 2026 को सुबह 07 बजे से आवास निर्माण हेतु शेष रह गए लाभार्थियों को शीघ्र आवास निर्माण करने एक दिवसीय सघन संपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन हेतु जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को ग्रामवार नोडल अधिकारी नियुक्त की गई है। सभी नोडल अधिकारियों द्वारा 25 से 30 आवासों में स्वयं भ्रमण, निरीक्षण करते हुए संबंधित लाभार्थियो से संपर्क, समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लिया जाएगा। इसके साथ ही समस्या के त्वरित निराकरण करने तथा उक्त आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने एवं पूर्णता पश्चात जनसहयोग एव जनभागीदारी के माध्यम से रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोख्ता गढ्ढा का निर्माण करने लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा अपने गांव एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने उक्त संपर्क अभियान में जिले के सम्मानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल होने की अपील की है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचलो में कच्चे मकानो में निवासरत लाभार्थियो को बुनियादी सुविधायुक्त पक्का मकान उपलब्ध कराया है। जिले में पीएम आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–2026 तक कुल 54 हजार 148 आवास स्वीकृत किया गया है। जिसके विरूद्ध कुल 46 हजार 513 आवास पूर्ण है तथा 07 हजार 635 आवास पूर्णता हेतु शेष है, जिन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना है।

## एसबीएस अस्पताल से पांच लाख रंगदारी मांगने वाले के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस स्थित एसबीएस अस्पताल प्रबंधन से रंगदारी कर पांच लाख रुपए का डिमांड करने की शिकायत गुरुमीत सिंह वाधवा के खिलाफ छावनी थाने में की थी। अस्पताल के मैनेजर वार्ड 7 कुरुद रोड साकेत नगर कोहका निवासी निर्मल सिंह ने शिकायत किया है कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरुमीत सिंह वाधवा उनके अस्पताल में एक बीमारी का इंजेक्शन लगवाने आता था। गुरुमीत ने इलाज का बिल आज तक नहीं दिया और उस बिल को फर्जी बताते हुए अस्पताल प्रबंधन से 5 लाख रुपए की डिमांड करने लगा। रकम देने से मना करने पर गुरुमीत सिंह वाधवा ने गाली गलौज कर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी। गुरुमीत पर आरोप है वह स्वयं को मीडिया कर्मी बताकर धमकी दिया करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। **यह भी है आरोप :** यह भी आरोप है कि गुरुमीत वाधवा ने 28 नवंबर 2025 को छग के मुख्य सचिव विकास शील गुप्ता को पत्र देकर कहा था कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उसे छग के हर जिले में पांच-पाच अस्पतालों की जांच कर, वहां हो रहे इलाज की रिपोर्ट देने कहा है। उसने भिलाई के एसबीएस अस्पताल की जांच की तो वह मानक के मुताबिक नहीं मिला। सचिव के आदेश पर सीएमएचओ दुर्ग डॉ. मनोज दानी ने जांच कराई तो वाधवा की कथित जांच रिपोर्ट निराधार मिली।

### ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने बैठक

**भिलाई।** ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर और नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले में सुचारू, सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी और सख्त कार्रवाई की जाए। नेशनल हाईवे एवं प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने, अवैध पार्किंग हटाने, सड़क किनारे अतिक्रमण समाप्त करने और हादसों के संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य करने को कहा गया है। बिना हेलमेट, शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पर जोर दिया।

## विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-5 स्थित विधायक देवेंद्र यादव कार्यालय में भेंट-मुलाकात के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने एक-एक कर सभी की बात सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सेक्टर-3 और वार्ड-43 बापूनगर के रहवासियों ने गंदे पानी की गंभीर समस्या से अवगत कराया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तत्काल जिला कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिलवाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम क्षेत्र, ग्रामीण इलाकों सहित विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, सफाई, आवास सहित अन्य समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



कार्यक्रम के बाद विधायक बापूनगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचे, जहां प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की तथा संगत के साथ समय बिताया।

# क्षेत्र में हाईटेक सट्टेबाजी का जाल मोबाइल ऐप से अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर, सांकरा और आसपास के इलाकों में इन दिनों ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह अवैध धंधा अब पारंपरिक "सट्टा पट्टी" से आगे बढ़कर पूरी तरह मोबाइल और ऐप आधारित सिस्टम में बदल चुका है।

बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में सट्टा खाईवाल कई वर्षों से गुप्त रूप से सक्रिय हैं, लेकिन अब तकनीक के सहारे उनका नेटवर्क और मजबूत हो गया है। मोबाइल ऐप, फर्जी सिम और अलग-अलग हैंडसेट के जरिए सट्टे का संचालन किया जा रहा है, जिससे आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए चुनौती बनता जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सट्टे के नंबर मैसेज के जरिए भेजे जाते हैं और तुरंत डिलीट कर दिए जाते हैं। फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल किया जाता है।







एक ही व्यक्ति कई मोबाइल बदल-बदलकर ऑपरेट करता है। इस वजह से पुलिस के लिए सटीक पहचान और गिरफ्तारी मुश्किल हो रही है। सट्टा संचालक खुद को छुपाने के लिए दिखावे के लिए दूसरा व्यवसाय भी चला रहे हैं, ताकि स्थानीय लोगों को शक न हो। लेकिन अंदरखाने ऑनलाइन सट्टा, खाईवाली और जुए का नेटवर्क लगातार फैल रहा है। सट्टे के साथ जुए का फड़ भी सक्रिय सूत्र बताते हैं कि पीरीद-भेंगारी क्षेत्र के सुनसान इलाकों में जुए का फड़ भी सजाया जा रहा है। जुआ खेलने आने वालों से 500 प्रति व्यक्ति वसूले जा रहे हैं सट्टा और जुआ दोनों का संगठित संचालन हो रहा है। युवाओं पर बुरा असर, तेजी से फैल रही लत स्थानीय लोगों का कहना है कि जल्दी पैसे कमाने के लालच में युवा इस जाल में फंस रहे है। कई परिवार आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहे हैं।

वहीं खाईवाल मोटी कमाई कर रहे हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि पुलिस की कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता तक सीमित रह जाती है। कुछ लोग मासिक लेन-देन (लिफाफा) की भी बात कर रहे हैं। सीमावर्ती गांव होने के कारण थाना क्षेत्र की सीमा का फायदा उठाकर आरोपी बच निकलते है हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है पहले शराब, अब सट्टे से बदनाम हो रहे गांव हाल ही में जगन्नाथपुर में अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई के बाद अब सट्टे का मुद्दा भी खुलकर सामने आने लगा है। जगन्नाथपुर, सांकरा, कमरौद और आसपास के गांव अब अवैध गतिविधियों का हॉटस्पॉट बनते जा रहे है। इन दिनों चल रहे आईपीएल मैचों ने सट्टा कारोबार को और हवा दे दी है। हर मैच के साथ ऑनलाइन दांव का सिलसिला तेज हो गया है और सट्टा संचालकों की कमाई कई गुना बढ़ गई है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस प्रशासन इस हाईटेक सट्टा नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करेगा।

## पेज 11 का शेष

### टाउनशिप की बदहाली ....

प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि सभी मुद्दों पर जल्द सकारात्मक पहल की जाएगी और उच्च प्रबंधन के साथ संयुक्त बैठक कर समाधान का रोडमैप तैयार किया जाएगा। हालांकि यूनियन ने साफ चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा, जिसमें खदानों में हड़ताल और कामबंदी जैसे कदम भी शामिल हो सकते हैं। धरना प्रदर्शन ने टाउनशिप की जमीनी हकीकत को एक बार फिर उजागर कर दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रबंधन और प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेते हैं और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कितनी तेजी से कदम उठाते हैं।

### रजिस्ट्री में महिलाओं ...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला कदम है और इससे महिलाओं का सामाजिक सम्मान भी बढ़ेगा। भाजपा नेता जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडो और नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को लाभ मिलेगा और महिलाओं की भागीदारी संपत्ति में बढ़ेगी। इस फैसले को लेकर कई जिलों में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और मिठाई बांटकर निर्णय का स्वागत किया। नेताओं ने कहा कि सरकार महिलाओं के हित में लगातार जनकल्याणकारी निर्णय ले रही है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### चिढ़ाने से मना करने ...

पास पहुंचा था। वहीं दुर्गेश ठाकुर खडा था जो मुझे देखते ही मेरे पिता निहाली तेली के नाम से चिढाने लगा, तब मैंने कहा कि मेरा पिताजी का निधन हो गया है। तुम मेरे पिता के नाम से मत चिढाया करो, बोलने पर वह मुझसे वाद विवाद किया, उसके बाद मैं घर आ गया, घर आने के बाद मैं किराना दुकान सामान खरीदने गया था। उसी समय रात्रि दुर्गेश ठाकुर लोहे का राड लेकर आये और मुझे मेरे साथ वाद विवाद करता है। कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे राड से मेरे बाये पैर के घुटने के पास मारा है, जिससे मेरे पैर मे चोंट आकर दर्द हो रहा है, तब मैं जोर से चिल्लाने लगा तो आवाज सुनकर मेरी पत्नी शांति बाई आई और बीच बचाव करने लगी तो उसे भी गाली गलौज करते उसके दाहिने हाथ को मरोड दिया, हाथ को मरोडने से चूडी टूट जाने से उसके दाहिने हाथ मे चोंट आया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## अंबेडकर जयंती पर नवीन भवन का लोकार्पण

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम हल्दी बेलोदी में भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र हल्दी द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। इस दौरान नवीन भवन का लोकार्पण एवं सिन्हा भवन में शेड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। विधायक ने कहा की बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान ने हर भारतीय को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है। उनके सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करते हैं। बाबा साहब का जीवन हमें सामाजिक सद्भाव, समानता और न्याय का मार्ग दिखाता है। आइए हम सभी उनके विचारों को अपनाते हुए समाज में भाईचारा, समरसता और एकता को मजबूत करने का संकल्प लें। इस अवसर पर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय डौंडी का 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

डोंडी। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय ने शत-प्रतिशत (100%) परिणाम हासिल की है। जिसमें 50विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया है। इस वर्ष यश कुमार गोरे ने 88.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तोशिका नायक ने 88.2% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ऋतिक कुमार ने 86.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।इसी क्रम में रेणुका टेकाम ने 83.4% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान एवं गयन्तिका ने 82.8% अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह सफलता विद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम का परिणाम है।

## सूदखोरी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी और चेक का गलत उपयोग करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला का नाम गंडई निवासी शोभा केशकर उर्फ निशा नामक है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुसलमान पारा निवासी शहनाज बेगम ने शिकायत की थी कि नवंबर 2023 में शोभा केशकर से 10 प्रतिशत ब्याज पर 20 हजार रुपए उधार लिया था। शहनाज ने बैंक ऑफ बड़ौदा का एक कोरा चेक भी आरोपी को दिया था। 9 माह तक प्रतिमाह 2000 रुपए ब्याज के रूप में चुकाती रही। पीड़िता के परिजनों के हस्तक्षेप के बाद 25 हजार रुपए में पूरा लेन-देन खत्म करना स्वीकार किया। इसके बावजूद शोभा केशकर ने न तो चेक लौटाया और न ही लेन-देन समाप्त माना। शहनाज का आरोप है कि शोभा उसके कोरे चेक में 1 लाख रुपए की राशि भर दी। चेक बाउंस होने के बाद कोर्ट के जरिए उन्हें नोटिस भेजा है।






## जल संचय जनभागीदारी अभियान 2.0 के तहत जागरूकता रैली

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत निरंतर जागरूकता अभियान आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज जिले के प्राथमिक शाला खेरथाडीह, पूर्व माध्यमिक शाला तरौद आदि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता रैली का आयोजन कर स्कूली बच्चों को जीवन में पानी के महत्व की जानकारी देते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है।

### तैयारी : 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का प्रचार-प्रसार

# जिले में जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं गणना, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 जारी



जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के मागदर्शन में बालोद जिले में जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में जनगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व–गणना का प्रचार–प्रसार एवं 01 मई से 30 मई 2026 तक मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तिथि निर्धारित की गई है। मकानों की सूचीकरण एवं मकानों के गणना संबंधी प्रचार–प्रसारों के कार्यों के अंतर्गत 01 मई से 30 मई तक की अवधी में जनगणना संबंधी स्लोगन, वीडियो, जिंगल ऑडियो, प्रिंट एड होर्डिंग आदि डाउनलोड करने हेतु गूगल लिंक प्रदान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वगणना हेतु निर्धारित तिथि के दौरान इच्छुक परिवार ऑनलाईन पोर्टल पर वांछित जानकारी दे सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि स्वगणना पूरी तरह से एक ऐच्छिक है अनिवार्य है। परिवारों के द्वारा पोर्टल में स्वगणना की जानकारी नही दर्ज करने पर भी 01 से 30 मई की अवधि में प्रगणकों के द्वारा सभी घरों में पहुंचकर वांछित जानकारी दर्ज की जाएगी। जनगणना कार्य के संबंध में आम जनता को आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु 1855 नंबर पर टोल फ्री हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया गया है।

इस कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ द्वारा 01 मई से 30 मई 2026 तक चलने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्यों के दौरान नगर निकायों के कचरा संग्रहण गाड़ियों के ऑडियो सिस्टम, शासकीय कार्यालयों की एलईडी स्क्रीन, ट्रैफिक सिग्नल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करने के अलावा स्कूल, बस स्टॉप और ग्राम पंचायतों में होर्डिंग्स व स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान चलाए जाने हेतु निर्देश जारी किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी प्राची ठाकुर ने आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा बालोद में पहुंचकर चल रहे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## जिला बदर का आरोपी के साथ आरक्षक का वीडियो वायरल, निलंबित

- छावनी में पदस्थ है आरक्षक
- केक खिलाते वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला बदर बदमाश के जन्म दिन पर पुलिस आरक्षक शामिल होने का वीडियों वायरल होते ही उसे एसएसपी ने तुरंत निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक छावनी थाने में पदस्थ नीतिन सिंह राजपूत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वीडियो में जिलाबदर बदमाश शेख अब्बास खान के साथ आरक्षक केक काटते दिख रहा है। जिसका जन्म दिन मनाया जा रहा था, उसे पुलिस ने ड्रग्स के आरोप में जेल भेजा था। अपराधी के साथ आरक्षक का केक काटने का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसे गंभीरता से लिया और आरक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में बताया गया है कि प्रथम दृष्टया यह साफ है कि आरक्षक का आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ मेलजोल है, जो कि संदिग्ध आचरण की श्रेणी में आता है। वीडियो के वायरल होने पर अब पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि इस तरह का कृत्य पुलिस का अपराधियों के साथ मेलजोल और संदिग्ध आचरण पुलिस विभाग की छवि को खराब करता है। थाना छावनी के गुंडा बदमाश व क्षेत्र के अपराधिक व्यक्ति द्वारा केक काटने के दौरान आरक्षक 864 नितिन सिंह का विडियो वायरल हुआ है। आरक्षक नितिन सिंह थाना छावनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन दुर्ग भेजा गया। निलंबन अवधि में आरक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## एसडीएम के नाम से फर्जी अनुमति पत्र बनाकर कराया बोर खनन, मामला दर्ज करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- फर्जी सील–मुहर और आवक–जावक क्रमांक डालकर जारी किया गया नकली पत्र

गुण्डरदेही एसडीएम के नाम से फर्जी अनुमति पत्र जारी कर बोर खनन करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल फर्जी लेटर बनाया है। बल्कि फर्जी सील मुहर भी बना लिया है। इस मामले की जैसे ही जानकारी हुई एसडीएम द्वारा गुण्डरदेही थाने में मामला दर्ज करने आदेश जारी कर दिया गया है।

गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम गोड़ेला निवासी जनक लाल साहू ने एसडीएम गुंडरदेही के नाम फर्जी अनुमति पत्र जारी कर बोर खनन करवा लिया है। जो अनुमति पत्र उन्होंने बोर करने वाली एजेंसी को दिया वह हूं ब हु वैसा ही पत्र है। जैसा एसडीएम कार्यालय से जारी होता है। बाकायदा जनक लाल साहू द्वारा इसमें एसडीएम की सील भी लगा ली है, जो फर्जी है। पत्र में आवक जावक क्रमांक भी डाला गया है। इस तरह से फर्जी अनुमति पत्र बनाकर गैर कानूनी कार्य किया गया है।

जानकारी होते ही एसडीएम गुंडरदेही द्वारा जनक लाल साहू के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराने का आदेश दे दिया है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा बिना अनुमति किसी भी तरह के बोर खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बहुत आवश्यक होने पर एसडीएम कार्यालय से अनुमति प्राप्त की जा सकती है, लेकिन इसके पूर्व विभाग द्वारा जांच कर ली जाती है कि सचमुच में बोर की आवश्यकता है या नहीं अर्थात बहुत कठिनता से यह अनुमति पत्र जारी होता है। जनक लाल साहू ने पांच अप्रैल की तारीख में यह अनुमति पत्र देकर बोर खनन कराया है। जांच उपरांत ही विस्तृत जानकारी मिल सकती है कि इस तरह से फजएँ सील बनाकर फर्जी अनुमति पत्र जारी करने वाला कोई गैंग तो काम नहीं कर रहा।

एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिभा ठाकरे ने कहा गोड़ेला के जनक साहू द्वारा फर्जी अनुमति पत्र बनाने की जानकारी मिलने पर तत्काल उनके खिलाफ मामला दर्ज करने आदेश दे दिया गया है। पत्र और सील दोनों हमारे कार्यालय के नहीं है।

## मेगा यूथ कॉन्क्लेव में जिले के 9 छात्रों का चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक होने वाले मेगा यूथ कॉन्क्लेव 2026 के लिए जिला से नौ छात्रें का चसन हुआ है। यह आयोजन आर्ट ऑफ गिविंग के अंतर्गत होगा। इस वर्ष के कॉन्क्लेव का थीम शेयर टू शाइन है, जो युवाओं में सहयोग, संवेदनशीलता और सामूहिक प्रगति की भावना को प्रोत्साहित करता है। यह कॉन्क्लेव देशभर से आए प्रतिभाशाली युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां वे विचार–विमर्श, ज्ञान–विनिमय और प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यक्तित्वों, विचारकों एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरणा प्राप्त होगी। इस शिविर में जिला से स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, फनेश्वरी साहू, नेहा साहू, पूजा कुंभकार, शबाना बेगम अजय कुमार साहू, सूरज नागवंशी, देवेन्द्र कुमार ठाकुर चेतन सिन्हा चयनित हुए।

## देवरी समिति में चना खरीदी का शुभारंभ



**डौंडीलोहारा।** प्रदेश सरकार द्वारा दलहन एवं तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी के तहत देवरी समिति में चना खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस पहल से क्षेत्र के किसानों में उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

खरीदी के पहले दिन ग्राम झिटिया के एक किसान ने 1.07 हेक्टेयर रकबे से 16 क्विंटल चना बेचा। वहीं पसौद की किसान रमाबाई ने 0.48 हेक्टेयर से 7.50 क्विंटल चना विक्रय किया। परसाडीह के किसान टिकम सिंह ने 0.70 हेक्टेयर से 4 क्विंटल एवं 0.43 हेक्टेयर से 4 क्विंटल चना समर्थन मूल्य पर बेचा। इस प्रकार कुल 23.50 क्विंटल चना खरीदा गया, जिसका भुगतान 5875 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किया जाएगा। इस अवसर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, नाहदा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष मोहित साहू, एडीओ दीपक ठाकुर, आरईओ जयप्रकाश माहला, ग्रेडर ऋषभ शर्मा तथा समिति के सहायक प्रबंधक सुजेश कुमार देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राधिकृत अध्यक्ष राधेश्याम देवांगन ने कहा कि शासन द्वारा दलहन एवं तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों में खुशी है। इससे उन्हें उनकी उपज का वाजिब दाम मिल रहा है। वर्तमान में बाजार में दलहन और तिलहन के दाम कम हैं, ऐसे में यह योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और भविष्य में दलहन-तिलहन की खेती का रकबा भी बढ़ेगा।

## जिपं में एक दिनी प्रशिक्षण आयोजित, जल संरक्षण व स्वच्छता संरचनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला पंचायत आज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, जल संरक्षण तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित होने वाले विभिन्न संरचनाओं के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर घनश्याम सिन्हा एवं सहायक मास्टर ट्रेनर श्री हितेन्द्र बघेल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रे वाटर मैनेजमेंट सिस्टम, रिचार्ज पिट, मैजिक पिट, सोकपीट निर्माण कार्य महात्मा गांधी नरेगा एवं जे.एस. जी.बी अंतर्गत ट्रेंच, चेक डेम, रिचार्ज पीट, कंटूरट्रेंच, डब्लू.ए.टी. निर्माण कार्य इत्यादि इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत वाटर हार्वेस्टिंग कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक एसबीएम एवं पीएमएवाई, उपअभियंता, विकासखण्ड समन्वयक एसबीएम एवं पीएमएवाई तथा तकनीकी सहायक मनरेगा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोटिया रोड नाला किनारे एक युवक अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ ने आरोपी ने अपना नाम पोटिया कुंदरा पारा दुर्ग निवासी राजू उर्फ संतलाल जांगड़े बताया है। आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार हथियार जब्त किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### जर्जर बांधों पर जिपं सदस्य ने उठाए सवाल

# अप्रैल लगते ही गिरा वाटर लेवल, गांव-गांव बढ़ा पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



अप्रैल लगते ही वाटर लेबल गिरते जा रहा है, गांव गांव में पेयजल संकट बढ़ते जा रहा है। क्षेत्र के जिला पंचायत गुलशन चंद्राकर ने कहा कि जिला प्रशासन बालोद एक तरफ पूरे जिले में नीर चेतना अभियान चलाने में लगी है, लेकिन जल स्त्रोत बढ़ाने व किसानों के लिए कम बारिश के समय सिचाई लिए बीते 40 व 50 वर्षो पहले बने डेम अपनी बदहाल स्थिति में है, जिसमे अल्प वर्षा में किसानों के संजीवनी बूटी की तरह काम करने वाले ख़ुरसुल, देवसरा बांध खस्ताहाल व जर्जर स्थिति में है। जल संरक्षण का स्लोगन रटने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर झांकने व सुध लेने फुर्सत नहीं होने के बरसात में हजारों क्यूसेक पानी जर्जर हो चुके उलट यानी ओवरफॉल से बह जाता है, जिसके कारण पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं रुकता है, जिसके वॉटर लेबल भी गमएँ में गिर जाता है, वही समय रहते बांधो में खाली पड़े जगह मे गहरीकरण और टूटे गेट की मरम्मत कर बांध के चहुंओर पेड़ लगाए तो डेम की दशा और दिशा दोनों बदल जाएगी। गौर हो कि देवसरा में 30 हैक्टेयर जमीन में बने बांध से देवसरा, देवरी द व खुरसुनी के सैकड़ों खेत को पानी मिलता है, वही ख़ुरसुल बांध 40 हेक्टेयर में बना है, लेकिन बीते दशकों से खुदाई व गहरीकरण नहीं होने के कारण बदहाल स्थिति में हैं, गुलशन चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास का ढोल पीट रही हैं, कि वीबीजी राम जी में मजदूरों का 150 दिन की गारंटी मजदूरी मिलेगा, गांव में विकास होगा, लेकिन योजना तो मानो हवा निकल रही है।

अभी कई गांव में रोजगार गारंटी बंद है व जल जीवन मिशन से गांव गांव बने कई टंकी का श्रीगणेश नहीं होने के कारण सिर्फ शो पीस साबित हो रहे है, समय रहते पी एच ई विभाग कुंभ करणीय निंद से जागे। ख़ुरसुल के किसान सत्य प्रकाश साहू ने कहा कि ख़ुरसुल बांध से मासाभाट सहित निकुम, गांव भिलाई के कई हिस्सों में पानी किसानों को मिलता है, किसान संदीप चंद्राकर ने कहा कि समय रहते प्रशासन गंभीरता से इस मामले को लेकर कार्य करे, तो वॉटर लेबल भी बढ़ेगा।

